कार्यालय पुलिस उपायुक्त,
जोधपुर पूर्व

।। प्रेस नोट ।।

@ DCPEastJodhpur   DCPEastJodhpur   @ Dcp Jodhpur East

दिनांकः— 12.08.2023

वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी तथा एरिया डॉमिनेशन के लिये विशेष अभियान के तहत कार्यवाही

- वांछित अपराधियों के विरूद्ध जिला जोधपुर पूर्व की संयुक्त कार्यवाही
- लगभग 350 पुलिसकर्मियों द्वारा 55 टीमें बनाकर 64 हार्डकोर/हिस्ट्रीशीटर्स के घरों पर अल सुबह एक साथ दी गई दबिशें
- अभियान के दौरान हार्डकोर/हिस्ट्रीशीटर्स के 19 सह—अभियुक्तों के घरों पर भी दबिश देकर 10 सह—अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार
- दबिश के दौरान 22 आदतन अपराधियों को किया गया गिरफ्तार

- **कार्यवाही पुलिसः—** पुलिस मुख्यालय द्वारा वांछित अपराधियों की गतिविधियों पर निगरानी एवं उनकी गिरफ्तारी तथा एरिया डॉमिनेन्स के संबंध चलाये गये विशेष अभियान के अन्तर्गत प्रदत निर्देशों की पालना में श्रीमान् पुलिस आयुक्त के सुपरविजन में मन् पुलिस उपायुक्त श्रीमती डॉ अमृता दुहन आईपीएस के निकट निर्देशन में श्री नाजिम अली खान, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जोधपुर पूर्व , सहायक पुलिस आयुक्त मण्डोर श्री पियूष कविया, श्री ओमप्रकाश सरावग, सहायक पुलिस आयुक्त पूर्व तथा श्री छवि शर्मा सहायक पुलिस आयुक्त केन्द्रीय तथा जिला जोधपुर पूर्व के समस्त थानाधिकारी मय स्टाफ व शक्ति टीम द्वारा आज दिनांक 12.08.2023 को अभियान के अन्तर्गत प्रदत निर्देशानुसार लगभग 350 पुलिसकर्मियों द्वारा 55 टीमें बनाकर 64 हार्डकोर/हिस्ट्रीशीटर्स के घरों पर अल सुबह एक साथ दबिश दी गई। सर्कल स्तर पर यथा वृत मण्डोर में 29, वृत पूर्व में 15 व वृत केन्द्रीय में 20 हार्डकोर/हिस्ट्रीशीटर्स के घरों पर दबिश देकर एक साथ कार्यवाही करते हुए उनके घरों की सघन तलाशी ली गई। दबिश के दौरान इंन्सदादी कार्यवाही में वृत मण्डोर में 09, वृत पूर्व में 08 व वृत केन्द्रीय में 05 आदतन अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस थाना रातानाडा में पुराने प्रकरण में वांछित चल रहे 1 अपराधी को गिरफ्तार किया गया। अभियान के दौरान हार्डकोर/हिस्ट्रीशीटर्स के 19 सह—अभियुक्तों के घरों पर भी दबिश दी गई तथा 10 सह—अभियुक्तों को भी गिरफ्तार किया गया। साथ ही आग्नैयास्त्र का उपयोग कर अपराध कारित करने वाले 88 अपराधियों के घरों पर दबिश देकर सघन तलाशी लेने पर 07 संदिग्ध घर पर मिले, जिनमें से 02 संदिग्ध गतिविधियां पाये जाने पर इन 02 सह—अभियुक्तो को भी गिरफ्तार किया गया।

कार्यवाही में शामिल पुलिस टीमः—

1 अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त, जोधपुर पूर्व मय स्टाफ
2. सहायक पुलिस आयुक्त मण्डोर मय स्टाफ
3. सहायक पुलिस आयुक्त पूर्व मय स्टाफ
4. सहायक पुलिस आयुक्त केन्द्रीय मय स्टाफ
5. समस्त थानाधिकारी जिला पूर्व मय स्टाफ
6 जिला स्पेशल टीम मय साईबर टीम

पुलिस उपायुक्त
जोधपुर पूर्व